



नवभारत
भोपाल, बुधवार 05 नवम्बर 2025


# छतरपुर कलेक्टर की सख्त कार्रवाई

## अवैध खनन पर 73 करोड़ 44 लाख का जुर्माना

- महोबा की भाऊ स्टोन मिल पर लगा भारी जुर्माना
- स्वीकृत क्षेत्र से बाहर किया गया था उत्खनन

**छतरपुर, 4 नवम्बर. कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मेसर्स भाऊ स्टोन मिल, कबरई, जिला महोबा (उत्तर प्रदेश) पर 73 करोड़ 44 लाख का जुर्माना लगाया है. यह कार्रवाई मध्य प्रदेश खनिज नियमों के उल्लंघन के तहत की गई, क्योंकि कंपनी द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अवैध रूप से पत्थर का उत्खनन किया गया था.**



जांच में पाया गया कि ग्राम बदौराकला, तहसील गौरिहार के खसरा नंबर 1155 (रकबा 7.009 हेक्टेयर) में स्वीकृत खदान क्षेत्र से बाहर लगभग 1.020 हेक्टेयर भूमि पर अवैध खनन किया गया. यह मामला वर्ष 2021 से कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन था. खनिज निरीक्षक, तहसीलदार गौरिहार और अन्य विभागीय अधिकारियों की संयुक्त रिपोर्ट में बताया गया कि कुल 2,04,000 घनमीटर पत्थर का अवैध उत्खनन किया गया.

रॉयल्टी 120 प्रति घनमीटर की दर से 2.44 करोड़ निर्धारित की गई, जिस पर 15 गुना अर्थदंड 36.72 करोड़ अधिरोपित किया गया. कुल मिलाकर 73.44 करोड़ की शास्ति राशि तय की गई. कलेक्टर ने जिला खनिज अधिकारी को आदेश दिया कि निर्धारित राशि की वसूली कर शासकीय कोष में जमा कराई जाए.



# पुलिस ने शुरू की यातायात पाठशाला

## छात्रों को दी सड़क सुरक्षा की सीख

- पुलिस प्रशिक्षण शाला में हुआ कार्यक्रम
- हेलमेट-सीट बेल्ट के उपयोग पर दिया जोर

**छतरपुर, 4 नवम्बर. सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इसी क्रम में थाना यातायात परिसर, पुलिस प्रशिक्षण शाला में 'यातायात पाठशाला' कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक बृजस्मति साकेत ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं गोल्डन आवर के महत्व की जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन सरल होते हुए भी अत्यंत आवश्यक है. छात्रों से आग्रह किया गया कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें. वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य बताया गया, साथ ही मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले खतरों के प्रति भी सचेत किया गया. कार्यक्रम में वाहन चेकिंग, चालानी कार्रवाई और ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित जानकारी भी दी गई. बताया गया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर ही वाहन चलाने की अनुमति होती है. इसके साथ ही 'गोल्डन आवर' और 'राहगीर योजना' की जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को शीघ्र उपचार दिलाने वाले सहयोगी को शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि दी जाती है. कार्यक्रम में विद्यालय संचालक एवं अध्यापक उपस्थित रहे. शासन द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों के अनुरूप स्कूली वाहन संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए.

# जिला अस्पताल में हंगामा, वीडियो वायरल

## इमरजेंसी वार्ड के बाहर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**छतरपुर, 4 नवम्बर. छतरपुर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के पास सोमवार को दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया. देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसों से हमला कर दिया.**



घटना के समय अस्पताल में मौजूद मरीजों और परिजनों में अफरातफरी मच गई. लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन झगड़ा कुछ मिनटों तक चलता रहा. घटना का वीडियो किसी राहगीर ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों पक्ष अस्पताल परिसर में एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं, वहीं कुछ लोग उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे हैं. सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों पक्ष किसी पुराने विवाद को लेकर भिड़े थे. पुलिस ने वीडियो के आधार पर संबंधित व्यक्तियों की पहचान शुरू कर दी है. जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.


# कई कालोनियों में गहराया भीषण जलसंकट

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 4 नवंबर. सर्दी के मौसम में भी पानी की किल्लत का सामना करना आश्चर्यजनक लगता है, लेकिन मुख्यालय की अनेक कालोनियों में इन दिनों यह नजारे देखने को मिल रहे हैं जब लोग खाली बर्तन लेकर पानी की तलाश में भटक रहे हैं या निजी टैंकरों पर आश्रित हो गए हैं.**

हाउसिंग बोर्ड कालोनी के समीप बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के कारण पाइपलाईन को शिफ्ट किया जा रहा है जिसकी वजह से क्षेत्र में बीते कई दिनों से नलों से एक बूंद पानी भी नहीं टपका है. शहर की हाउसिंग बोर्ड कालोनी सहित आसपास की कालोनियों में पिछले 15 दिनों से नल सूखे पड़े हैं, लेकिन जिम्मेदार इससे बेखबर बने हुए हैं. लोगों को सर्दी के मौसम में भी रोजाना पानी के लिए भटकना पड़ रहा है. हालत यह है कि इस समय लोगों को टैंकर से जलापूर्ति करनी पड़ रही है.

# महोई कलाँ पंचायत में लाखों के बने चबूतरे में आई दरारें



**गौरीहार, 4 नवम्बर. गौरीहार जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत महोई कलाँ में 3 सार्वजनिक चबूतरे बनाए गए हैं, जिसमें बड़ी बड़ी दरारें आ गई है जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि घटिया मटेरियल डाल कर निर्माण किया गया है, जो कि आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2 महोई कलाँ के बगल से बने चबूतरे में बड़ी बड़ी दरारें आई हैं, जिसका भुगतान बिना जांच किए किया गया है.**

उपयंत्री के द्वारा बिना जांच किए बिना क्यूब टेस्ट के मूल्यांकन किया जाता है. ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच लखनलाल शुक्ला सचिव सुरेश तिवारी जो भी कार्य करवाते है बिल्कुल घटिया निर्माण करवाते है, ग्रामीण जन रामखिलामन पटेल ,अखिलेश पटेल,प्रकाश पटेल जयराम पटेल आदि दूल्हा देव निवासियों ने बताया कि 10.1.8 का मटेरियल डाला जाता है यहां कोई भी अधिकारी जांच में नहीं आते है.

> आपके द्वारा जानकारी दी गई है जांच करवाते है हमारे संज्ञान में अभी आया है जांच के उपरांत कार्यवाही की जाएगी
>
> **दीपा कोटिस्ताने** गौरिहार जनपद पंचायत सीईओ



# गुंडा परेड का वीडियो वायरल करने वाला बदमाश गिरफ्तार

- आरोपी पर 10 से ज्यादा अपराध दर्ज
- आयुध अधिनियम के तहत भेजा गया जेल

**छतरपुर, 4 नवम्बर. छतरपुर सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुंडा परेड का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी की पहचान राज राजा उर्फ इंद्रजीत बुंदेला मिश्रा, निवासी छत्रसाल नगर, छतरपुर के रूप में हुई है.**

उसके खिलाफ अवैध हथियार, मारपीट और एससी-एसटी एक्ट समेत 10 से अधिक अपराधों के मामले पहले से दर्ज हैं. हाल ही में अपराध नियंत्रण के तहत थाना पुलिस ने कई अपराधियों की गुंडा परेड कराई थी. इसी दौरान आरोपी ने वीडियो बनाकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड किया. वीडियो में पुलिस की मौजूदगी के साथ 'आदेश महाकाल का' लिखकर डर का माहौल फैलाने की कोशिश की गई थी. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और आयुध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया. पुलिस ने बताया कि जिले में अब तक 460 से अधिक आरोपी अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किए जा चुके हैं. अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है.

## एक नजर में



### कर्मचारियों की मांगों को लेकर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** प्रदेश की नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों, दैनिक वेतन भोगियों व अन्य कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग को सौंपा गया. ज्ञापन में मुख्य मांगें एक सितंबर 2016 तक के कर्मचारियों का विनियमितिकरण, विनियमित कर्मियों का विभिन्न पदों पर नियमितिकरण, चुंगी क्षतिपूर्ति राशि से अघोषित कटौती, तहबाजारी चालू करने, त्रुटिपूर्ण सेवा भर्ती नियम, अनुकंपा अनुदान, न.प्र.वि. द्वारा 8 अक्टूबर को जारी पत्र के संबंध में, आउटसोर्स के स्थान पर संविदा नियुक्ति करने, निकायों में सीधी भर्ती के पूर्व मृतक आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति आदि शामिल हैं. इस दौरान संगठन के प्रदेश-जिला व इकाई अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, संजय शुक्ला, शक्ति तिवारी, माजिद खान, तौफिक खान, प्रकाश राठौर, रामचरण कुशवाह, योगेश सिंह, तेजसिंह यादव, कपिल दुबे, बीएस मालवीय व अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे.




### बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर दी जानकारी

**सीहोर.** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं का मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.कार्यशाला में बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानने के लक्षण एवं सुधार के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. इस अवसर पर महिलाओं से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से बताया गया. कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास की अपर संचालक श्रीमती सीमा सिंह ठाकुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य महिला हितेषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी. कार्यशाला में डीपीओ ज्ञानेश खरे, डायरेक्टर डॉ अखिलेश कुमार शुक्ला, डीएसपी पूजा शर्मा सहित पुलिस, शिक्षा, आईटीआई एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रतिनिधि शामिल हुए.

### इलेक्ट्रिकल्स यूनियन की नई कार्यकारिणी का गठन

**सीहोर.** सोमवार को सीहोर इलेक्ट्रिकल्स यूनियन बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया. श्याम जयसवाल को यूनियन का अध्यक्ष, आयुष जैन को उपाध्यक्ष, एवं सुरेश नेमा को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया. वहीं पत्रकार धीरज साहू को यूनियन का मीडिया प्रभारी बनाया गया. इस दौरान सदस्यों ने शुल्क जमा कर यूनियन की सदस्यता ग्रहण की. अध्यक्ष श्याम जयसवाल ने कहा कि यूनियन का मुख्य उद्देश्य सभी इलेक्ट्रिकल व्यापारियों को एक मंच पर लाना, उनके हितों की रक्षा करना व व्यवसायिक सहयोग की भावना को मजबूत करना है. कार्यकारिणी के गठन पर बधाई देने वालों मदेवराज वर्मा,विनोद गर्ग, अली असगर, इब्राहिम सैफी, सिमर सेठी, मुर्तजा सैफी, अनिल सत्तू, धर्मेंद्र कौशल, वैभव जायसवाल, शीलू वर्मा, पंकज कचनारिया, मयंक भगवैया, आयुष राय, अशोक मेवाड़ा शामिल रहे. अंत में देवराज वर्मा ने आभार व्यक्त किया.

## गांजे के सौदागर को 5 साल की सश्रम कैद

**सीहोर.** अवैध रूप से 5 किलो मादक पदार्थ गांजा के साथ पकड़े गए एक व्यक्ति को विशेष न्यायाधीश दोषी पाए जाने पर 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है. मामले में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक रेखा चौरसिया द्वारा की गई थी. अभियोजन के बताए अनुसार घटना दिनांक 14 मई 2020 को श्यामपुर थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बदमाश अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने की फिराक में कई किलो गांजा लेकर जा रहा है.

# छात्रों ने कलेक्टर की जनसुनवाई के दिया आवेदन

## कई छात्रावासों में कंप्यूटर लैब, अध्ययन कक्ष और फर्नीचर की सुविधा नहीं

- छात्रावासों में गंदगी और सफाई की गंभीर समस्या
- भोजन की गुणवत्ता खराब होने की भी शिकायत की गई

**छतरपुर, 4 नवम्बर. जिले में स्थित छात्रावासों की बदहाल स्थिति को लेकर मंगलवार दोपहर छात्रों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में आवेदन सौंपा. छात्रों ने बताया कि जिले के अधिकांश छात्रावासों में बुनियादी सुविधाओं का गंभीर अभाव है. साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब है, छात्रावासों में नियमित रूप से सफाई नहीं की जाती और शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था नहीं है.**



छात्रों ने अपने आवेदन में उल्लेख किया कि कई छात्रावासों में कंप्यूटर लैब, अध्ययन कक्ष और पर्याप्त फर्नीचर जैसी आवश्यक सुविधाएं नहीं हैं. इसके अलावा भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए हैं. छात्रों ने कहा कि वे कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक सुधार नहीं हुआ.

> कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे छात्रों ने मांग की कि जिले के सभी छात्रावासों की जांच की जाए और आवश्यक सुविधाओं को जल्द दुरुस्त कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर माहौल मिल सके. कलेक्टर ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.

## नाबालिग को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**बुधनी.** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को बरामद कर बरामद किया गया साथ ही जागरुकता अभियान चलाया गया. जानकारी के अनुसार 27 अक्टूबर को परिजनों ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के गुमने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी. एसडीओपी रवि शर्मा द्वारा थाना प्रभारी चैनसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई. बालिका को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया. इस कार्यवाही में उप निरीक्षक कुसुमकली एवं महिला आरक्षक सुनीता और पूजा का विशेष योगदान रहा.

## किशोरी ने फांसी पर झूलकर दी जान

**सीहोर.** थाना कोतवाली अंतर्गत आने वाले भारती नगर में मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते 17 वर्षीय किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली अंतर्गत आने वाले भारती नगर निवासी महेश जांगड़े की 17 वर्षीय पुत्री रोशनी ने मंगलवार की दोपहर अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को नीचे उतरवाते हुए पीएम के लिए भेजा है. मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है.

**पुलिस की कार्रवाई** ▶ गल्ला मंडी के पास पेट्रोलिंग के दौरान पकड़ी गई शराब कीमत लगभग 22,500 बताई गई

# 54 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**छतरपुर थाना सिविल लाइन पुलिस ने रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान गल्ला मंडी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 54 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस को देर रात गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग गल्ला मंडी के पीछे की ओर अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं.**



सूचना पर थाना प्रभारी सतीश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची. पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे, जिन्हें पीछा कर पकड़ा गया. तलाशी के दौरान छह पेटियों में रखी करीब 54 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 22,500 बताई गई है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लल्लू कुशवाहा पिता किशन कुशवाहा निवासी धर्मपुरा थाना बिजावर और छोटू राजा उर्फ कुंतल बुंदेला पिता प्रताप सिंह निवासी ग्राम गढ़ेवरा थाना सिविल लाइन के रूप में हुई है. दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है. इस कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सतीश सिंह, उप निरीक्षक किशोर पटेल, प्रधान आरक्षक राजीव मिश्रा और अमन खान की विशेष भूमिका रही.

## जनसुनवाई में लोगों ने बताईं समस्याएं

**सीहोर.** मंगलवार को जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 35 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.